प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 11.07.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी (महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम। नये कानूनों में महिलाओं को प्रदान किये गये अधिकारों की भी दी गई जानकारी...।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 11.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं यथा- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त उनके साथ किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उनकी सहायतार्थ नये कानूनों में महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति उनके अधिकारों की भी जानकारी प्रदान की गयी है साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी व उनके प्रयोग के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया एवं साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये जाने के बारे में भी बताते हुए जागरुक किया जा रहा है।







उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 11.07.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 11.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उन सभी की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर पर हो सकता है उन सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित किया जाये किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाये; सभी से सम्मान पूर्वक बर्ताव किया जाये, निर्देशित किया गया कि घटना की तथ्यात्मक जानकारी करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये याद रखे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये, किसी भी पीड़ित से गलत व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी ।



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 11.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।







## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने
## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध शस्त्र का निर्माण, बिक्री व परिवहन की रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक 11.07.2024 को श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री रविकान्त गौड, क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 अर्जुन सिंह मय उ0नि0 विकाश धर दुबे द्वारा 01 नफर अभियुक्त देवपाल अहिरवार पुत्र रामप्रसाद अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी महराजपुरा थाना चरखारी जनपद महोबा को ग्राम कैमाहा से एक अदद तमंचा देशी 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय मु.अ.सं. 139/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

देवपाल अहिरवार पुत्र रामप्रसाद अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी महराजपुरा थाना चरखारी जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 अर्जुन सिंह
2. उ0नि0 विकाश धर दुबे



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने
## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध शस्त्र का निर्माण, बिक्री व परिवहन की रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक 11.07.2024 को श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व श्रीमती हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री राधेश्याम वर्मा के द्वारा गठित टीम के वरि0उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह व प्रशि0उ0नि0 अनुज कुमार व कां0 कुंवर पाल द्वारा 01 नफर अभियुक्त खेमराज पुत्र नन्दराम प्रजापति उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम रुरीकला थाना महोबकंठ जनपद महोबा के कब्जे से एक अदद तमन्चा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम महोबकंठ हाइवे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 136/24 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

1. खेमराज प्रजापति पुत्र नन्दराम प्रजापति उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम रुरीकला थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. वरि0 उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह
2. प्रशि0 उ0नि0 अनुज कुमार
3 .कां0 कुंवर पाल



**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक- 11.07.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा में नव निर्मित इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर महोबा (यातायात नियंत्रण कक्ष) का भव्य उद्घाटन किया गया।

आज दिनांक 11.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा के नवनिर्मित इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर (यातायात नियंत्रण कक्ष) का भव्य उद्घाटन किया गया है जिसके साथ ही जनपद महोबा शहर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पहला ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम मिल गया है। कण्ट्रौल रुम के माध्यम से शहर क्षेत्र में लगे **28** अत्याधुनिक कैमरों से विशेष निगरानी होगी। इसके अलावा जनसहयोग व विभिन्न योजनाओं के तहत लगे कैमरों की मॉनिटरिंग भी ट्रैफिक कंट्रोल रूम के माध्यम से **24** घंटे की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में सुगम एवं सुदृढ़ यातायात व्यवस्था को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत ट्रैफिक कंट्रोल रूम की स्थापना कर उसका भव्य उद्घाटन किया गया है, अब शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने सहित आपराधिक घटनाओं की पड़ताल भी आसान हो जाएगी। जिससे महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी होगी एवं कहीं भी कुछ गड़बड़ मिलने पर तत्काल पुलिस कार्रवाई की जा सकेगी।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम्, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री रविकान्त गौंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।





